मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास


■ वर्ष : 42 ■ अंक : 182 ■ सोमवार, 7 अक्टूबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# युवक की रहस्यमय मौत!

■ हत्या या आत्महत्या को लेकर जांच शुरू



**उल्हासनगर.** शहर के पवई चौक इलाके में एक युवक की रहस्यमयी मौत की घटना से सनसनी फैल गई. 22 वर्षीय युवक शाहिल गौतम शाह की संदिग्ध परिस्थितियों में कमला बिल्डिंग से गिरकर मौत हो गई, पुलिस जांच कर रही है कि यह दुर्घटना थी या हत्या?

शाहिल अपने परिवार के साथ उल्हासनगर के पवई चौक इलाके में विकास टावर में रहता था। उनका श्रीराम चौक में कारोबार था। शुक्रवार की सुबह शाहिल रोजाना की तरह घर से दुकान पर गया। दोपहर में जब वह दोपहर के भोजन के लिए घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने उसे दोपहर के भोजन के लिए घर आने का अनुरोध किया. शाहिल ने यह कहकर फोन रख दिया कि वह कुछ देर में आएगा।

लेकिन कुछ देर बाद चौंकाने वाली खबर आई कि शाहिल पवई चौक स्थित कमला बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सेंट्रल पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और शाहिल के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल ले गई।

प्रारंभिक जांच में मृतक के कपड़ों पर संदिग्ध निशान मिले हैं। शाहिल के कपड़ों के बटन टूटे हुए थे, गर्दन पर चोट का निशान था और बेल्ट भी टूटा हुआ था. ये सब मृत्यु के रहस्य को रेखांकित करते हैं।

इस घटना से इलाके के नागरिकों में भय का माहौल है. शाहिल के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं और परिवार ने मौत की गहन जांच की मांग की है। सेंट्रल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्मा सावंत के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम हर संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच के बाद युवक की हत्या और फिर आत्महत्या की बात सामने आएगी. पुलिस की जांच उसी दिशा में चल रही है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस को इस जांच में क्या तथ्य मिलते हैं.

# आचार संहिता से पूर्व फैसलों की बाढ़



**ठाणे.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल कब बजेगा, इसे लेकर हर कोई उत्सुक है. इस पृष्ठभूमि में मंत्रालय का कामगाज काफी हद तक बढ़ गया है. 13 तारीख के बाद कभी भी चुनाव की घोषणा होने की उम्मीद है. चूंकि इस महीने के दूसरे सप्ताह में आदर्श आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है, इसलिए राज्य कैबिनेट भी कई फैसले लेने की बाढ़ आ गई है।

हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे. इसके बाद 10 तारीख को इन दोनों राज्यों का चुनाव कार्यक्रम खत्म हो जाएगा. नियमानुसार एक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा दूसरे चुनाव कार्यक्रम की समाप्ति से पहले नहीं की जा सकती. इसलिए 14 तारीख से शुरू होने वाले हफ्ते यानी अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बज सकता है.

मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को खत्म हो जाएगा. 13 अक्टूबर के बाद किसी भी वक्त राज्य में चुनाव की घोषणा होने की उम्मीद है. मंत्रालय में हलचल बढ़ गई है. चालू माह के दूसरे पखवाड़े में आचार संहिता लागू होने की संभावना को देखते हुए मंत्रालय में हलचल तेज हो गई है। आचार संहिता लागू होने से पहले नए प्रस्तावों और फाइलों की मंजूरी की रफ्तार दोगुनी हो गई है। राज्य कैबिनेट की बैठक में भी फैसलों का धमाका जारी है. दिन-प्रतिदिन कई निर्णय लिए जा रहे हैं। इसके लिए विधायकों से लेकर मंत्रियों तक की भीड़ लगी हुई है. केंद्रीय चुनाव आयोग की एक टीम ने पिछले हफ्ते महाराष्ट्र का दौरा किया था. इस दौरे के दौरान टीम ने राज्य के सभी राजनीतिक दलों और जिलाधिकारियों से चर्चा की और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की. इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए इस टीम के पदाधिकारियों ने संकेत दिया कि 26 नवंबर से पहले राज्य में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो जाएगा.

## सीटों का बंटवारा तय नहीं

हालांकि विधानसभा चुनाव करीब हैं, लेकिन सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच सीटों का बंटवारा अभी तक तय नहीं हुआ है। इन दोनों गठबंधनों में फिलहाल सीट बंटवारे को लेकर चर्चा गर्म है. लगातार ये जानकारी सामने आ रही है कि कई जगहों से इनके बीच मतभेद पैदा हो गए हैं. चूंकि दोनों गठबंधनों में तीन-तीन घटक दल शामिल हैं, इसलिए ऐसा देखा जा रहा है कि सीटों का बंटवारा करने में महायुति और महाविकास आघाड़ी दोनों को नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं.

## उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र विकास से वंचित


उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
कहां गया 1261 करोड़ का फंड ?
बोगस बिलों की भेंट चढ़ रही विकास निधि - जनता मांग रही हिसाब
गंगोत्री का 25 करोड़ का फंड

उल्हासनगर शहर विकास हेतु हजारों करोड़ों के फंड आए हुए हैं। यह फंड शहर विकास के लिए इस्तेमाल होने हैं लेकिन शहर की खस्ता हालत देखकर लग रहा है कि यह फंड केवल चुनावी लॉलीपॉप है और कागजातों पर ही सीमित है। उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा कचरे उठाने का ठेका निजी कंपनी कोणार्क को दोगुने रेट पर जब दिए थे तब बड़े ही ताम जाम के साथ कार्यक्रम हुआ जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उल्हासनगर शहर विकास के लिए उन्होंने 1261 करोड़ का फंड दिया है। इसके अलावा भी कई फंड आए हुए हैं। बावजूद आज शहर की सड़कें तक सरकार नहीं बना पा रही है। आचार संहिता से पूर्व भी कई विकास कार्यों का उद्‌घाटन तो हुआ है लेकिन वो भी चुनाव के बाद कागजों में ही सिमट कर रह जाएगा और शहरवासी एक बार फिर विकास से वंचित रहेंगे।

# अंबरनाथ एमआईडीसी में धड़ल्ले के तोड़े जा रहे हैं वृक्ष

■ कंपनियों पर कार्रवाई करने की मांग

■ आरपीआई ने नपा से की लिखित शिकायत

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में आनंदनगर एमआईडीसी में कुछ कंपनी चालक वृक्ष की टहनी छांटने के बहाने बड़े वृक्ष जड़ के साथ तोड़ रहे हैं. यहां की मे. सैनी हेवी इलेक्ट्रिकल व इंजीनियरिंग कंपनी ने अपने आंगन के पुराने वृक्ष तोड़ दिए हैं.

आरपीआई (आठवली) शहराध्यक्ष दीपक धनावडे ने अंबरनाथ नगर परिषद वृक्ष प्राधिकरण के पास ऐसी लिखित शिकायत करके वृक्ष तोड़ने वाली कंपनियों पर कार्रवाई करके पुलिस में अपराध दर्ज करने की मांग की है. शहर पूर्व में हेवी इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कंपनी प्लाट नं. ई-8 ये कंपनी आनंद नगर अतिरिक्त एमआईडीसी में है. इस कंपनी के आंगन में पुराने बड़े वृक्ष हैं. कंपनी व्यवस्थापन ने मनमाने तरीके से नगर परिषद से वृक्ष प्राधिकरण विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति ना लेते हुए कुछ वृक्ष जड़ से काट दिए हैं. ये मनमानी के बारे में जब आरपीआई अध्यक्ष दीपक धनावडे को जानकारी मिली तो उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर नपा वृक्ष विभाग के अधिकारी जितेंद्र केदारे को निवेदन देकर कंपनी पर अपराध दाखिल करके कार्रवाई करने की मांग की है. अगर नपा अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की तो आरपीआई आंदोलन करके आमरण अनशन शुरू करेगी, ऐसा पत्र धनावडे ने दिया है.

# उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से पूजा वाल्मीकि ने कांग्रेस से मांगा टिकट




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छुक कांग्रेस उपाध्यक्ष पूजा संतोष वाल्मीकि ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नाना पटोले को पत्र लिखकर चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए टिकट मांगा है। ज्ञात हो कि श्रीमती पूजा वाल्मीकि ने अपने समाज व शहर की समस्याओं के कई कार्य किए हैं और आगामी चुनाव में अगर उन्हें पार्टी टिकट देती है तो वो यहां से जीतकर शहर को विकास की ओर ले जाएंगी। श्रीमती वाल्मीकि ने कहा कि अगर पक्ष उन्हें टिकट नहीं देती है वो अपक्ष उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ेगी और शहर हित के लिए कार्य करेगी।

# आईफोन डीलर ने ग्राहकों को बेचे चोरी के मोबाइल

■ ग्राहकों को लगाया चूना

■ पुलिस को भी भ्रमित किया

■ 3 लोग गिरफ्तार



**कल्याण.** कल्याण में पुलिस ने दो प्रतिष्ठित आईफोन विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। ये मोबाइल विक्रेता ग्राहकों से पैसे लेते थे और उन ग्राहकों को खरीदारी का बिल भी देते थे। लेकिन बाद में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि डीलर द्वारा बेचे गए मोबाइल एक बड़ी कंपनी के गोदाम से चोरी हुए थे। इस मामले में बाजार पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. डीलरों के नाम दीपक चंचलानी और कमल हरचंदानी हैं। चोर का नाम फैयाज शेख है. बाजार पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है. अब तक चार महंगे आईफोन की जानकारी सामने आई है. फ्लिपकार्ड का कार्यालय कल्याण पश्चिम में लाल चौकी पर स्थित है। इस कंपनी के ऑफिस से महंगे iPhone चोरी हो गए. इस मामले में कल्याण के बाजार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी. कल्याण की बाजार पुलिस मामले की जांच में जुट गई. पुलिस ने इस मामले में कुछ आईफोन ट्रेस किए. आई फोन का इस्तेमाल करने वालों को थाने बुलाया गया। आई-फोन इस्तेमाल करने वाले से जानकारी मिली कि सभी ने दुकान से ये मोबाइल खरीदे हैं. उनके पास खरीदारी की रसीद है. उसका पैसा भी वेंडरों को भुगतान कर दिया गया है. ये देखकर पुलिस भी हैरान रह गई. इस मामले की जांच कल्याण पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे, बाजारपेठ पुलिस थाने के सुरेश सिंह गौड़ के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी नवनाथ रूपवते ने शुरू की.

पुलिस टीम ने फ्लिपकार्ड कंपनी के ऑफिस से आईफोन चुराने वाले चोर फैयाज शेख को पकड़ लिया है. फैयाज शेख द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, फैयाज ने यह मोबाइल एक डीलर को बेचा था. इनके नामों का खुलासा हो गया है. उल्हासनगर के मशहूर ममता मोबाइल शॉप के दो डीलरों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने अब तक चार आईफोन का पता लगाया है। उनके पास से दो आईफोन जब्त किए गए हैं. अब सवाल ये है कि जिन लोगों ने सही रकम चुकाकर दुकान से आईफोन खरीदा है। उन ग्राहकों का क्या होगा?

# मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि से 340 करोड़ की आर्थिक मदद



■ 40 लाख मरीजों ने लाभ उठाया

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालने के 2 वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि योजना से राज्य के 40 लाख मरीजों ने लाभ उठाया है. 340 करोड़ रुपयों की आर्थिक मदद राशि वितरित की गई है. ऐसी जानकारी शिवसेना वैद्यकीय मदद कक्ष राज्य प्रमुख राम राऊत ने अंबरनाथ में आयोजित पत्रकार परिषद में दी. इस योजना से गरीब मरीजों को बीमारियों पर उपचार करने के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाती है. इस माध्यम से लगभग 20 बीमारियों पर उपचार करने के लिए मदद राशि दी जाती है. इसमें हृदय रोग, किडनी समस्या, छोटे बच्चों की शस्त्रक्रिया, दिमाग के रोड, डायलिसिस ऐसे रोगों के लिए निधि दी जाती है. राज्य के जिन मरीजों को महात्मा फुले जन आरोग्य योजना, चैरिटी अस्पताल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम इन तीन योजनाओं से लाभ मिलता नहीं है, ऐसे पात्र मरीजों को मुख्यमंत्री सहायता निधि से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर दी जाती है. इसके लिए 3 लाख 60 हजार रुपए वार्षिक आय की सीमा रखी गई है. ऐसी जानकारी राऊत ने पत्रकारों को दी. शहर पूर्व के सांसद कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, गणपति कांबले व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# अंबरनाथ चलवादी समाज संस्था की सर्वसाधारण सभा संपन्न



⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ चलवादी समाज सेवा संस्था के अधिकृत सदस्यों ने 6 अक्टूबर को शहर पश्चिम के बसवेश्वर मंदिर हॉल मातोश्री नगर में सर्वसाधारण सभा का आयोजन किया. पूर्व अध्यक्ष एच. आर. चलवादी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई.

अध्यक्ष चलवादी ने सभा आयोजन की पृष्ठभूमि को समझाते हुए बताया कि राजेश चलवादी ने पिछले दिनों संस्था अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया था. अपने आपको उन्होंने अध्यक्ष घोषित कर दिया, लेकिन फाउंड सदस्य सचिव शिवलिंग भंडारे एवं एडवाइजर हनमंता जक्कल दिन्नी ने राजेश चलवादी के अध्यक्ष पद को अवैध करार देते हुए ठाणे धर्मदाय आयुक्त में शिकायत कर याचिका दायर कर दिया. सहा. धर्मदाय आयुक्त ने 30 जुलाई 2024 को निर्णय दिया है कि राजेश चलवादी ने जो चुनाव किया है संस्था के नियमों के अनुसार नहीं है एवं कथित सेक्रेटरी वेंकटेश मिरापुर अधिकृत नहीं हैं. ऐसी जानकारी सभा अध्यक्ष एच. आर. चलवादी ने उपस्थितों को दी. फाउंडर सेक्रेटरी शिवलिंग भंडारे ने इस सभा का आयोजन किया है. ऐसी जानकारी चलवादी ने दी है. सभा को कायदा अनुसार वैध रूप से करने के लिए एड. वेंकटेश राजू की नियुक्ति की गई है. ऐसी जानकारी उपस्थितों को दी गई.









जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक संपादकीय

## आरक्षण की सियासत

अपने देश में आरक्षण पर ऐसी दुखद सियासत होने लगी है, जिसका तथ्य और तर्क से कोई लेना-देना नहीं है। मुंबई में राज्य सचिवालय में शुक्रवार को उस समय अजीब दृश्य सामने आया, जब विधानसभा के उप-सभापति नरहरि झिरवाल और तीन अन्य विधायक तीसरी मंजिल से कूद गए। यह तो भला हो कि नीचे पहले से ही जाल लगाकर सुरक्षा इंतजाम किया गया था। सुरक्षा इंतजाम न होता, तो आत्महत्या की यह कोशिश भारतीय विधायिका का एक स्याह धब्बा लगा जाती। अगर कोई विधायक को अपनी मांग मनवाने के लिए आत्महत्या करने की नौबत आ जाए, तो फिर विधायिका की समग्र व्यवस्था की मजबूती के बारे में क्या कहा जाए? हालांकि, यह सियासत है और विधायक कूदे, क्योंकि उन्हें पता था कि नीचे जाल है। वास्तव में, आत्महत्या की कोशिश का यह दिखावा ही कारण है, उसके अलावा कुछ नहीं। विधायकों के इस कृत्य की सिर्फ निंदा हो सकती है। यह विधायिका को भी शर्मसार करने वाला पल है और इस पर सभी दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि आखिर वे देश के सामने कैसी जानलेवा सियासत पेश कर रहे हैं? आत्महत्या का बहाना तो और भी दुखद है। यह सियासी कोशिश वास्तव में आरक्षण मांगने के लिए नहीं है, बल्कि एक जाति विशेष को मिलने जा रहे आरक्षण के विरोध में है। धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध विचारणीय हो सकता है, पर उसके लिए ठोस तर्क या विमर्श की जरूरत है। इन विधायकों को जब लगा कि उनका विरोध काम नहीं कर रहा है और धनगर समुदाय को एसटी में शामिल कर लिया जाएगा, तब उन्होंने कूदने का दुस्साहस दिखाया। अब यह सोचने की बात है कि धनगर समुदाय के नेताओं और लोगों को कैसा लग रहा होगा? झिरवाल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजीत पवार गुट के सदस्य हैं। वास्तव में, यह पूरी पार्टी इन दिनों बहुत बेचैन है। सियासी लाभ और चुनाव जीतने के लिए इसके नेता हरसंभव दांव आजमा रहे हैं। उनका यह नया दांव पता नहीं कितना कारगर होगा, पर इससे सत्ता पक्ष और एकनाथ शिंदे की सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है। सरकार में भाजपा भी शामिल है और कूदने वालों में एक भाजपा विधायक भी शामिल बताए जाते हैं। वास्तव में, यह सत्ताधारी विधायकों की बेचैनी है। उन्हें इसी महीने चुनावी मैदान में जाना है। जहां आरक्षण मांगने वालों और आरक्षण का विरोध करने वालों, दोनों के भाग्य का फैसला होगा।

# बाइडन के वक्त चतुर्भुज सुरक्षा संवाद को मिला बहुत बल



जोसेफ रॉबिनेट बाइडन जुनियर अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति हैं और उनकी दोबारा निर्वाचित होने की हार्दिक इच्छा थी। मगर कमजोर पड़ती याददाश्त, बार-बार की गलतियों और डोनाल्ड ट्रंप के साथ टीवी बहस में निराशाजनक प्रदर्शन के चलते प्रमुख डेमोक्रेटिक नेताओं के भारी दबाव के कारण उन्हें पद की दौड़ से हटना पड़ा।

बहरहाल, बाइडन अभी भी अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और पिछले दिनों बेहद गर्मजोशी से अपने कार्यकाल के छठे क्वाड शिखर सम्मेलन पर उन्होंने हस्ताक्षर किए। उन्होंने अपने गृह नगर डेलावेयर में शिखर सम्मेलन की मेजबानी की और तीन क्वाड नेताओं- भारत से नरेंद्र मोदी, जापान से फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया से एंथनी अल्बनीज के लिए उन्होंने अपने घर के दरवाजे खोल दिए और रिश्तों में यादगार स्पर्श जोड़ा। इस बार बाइडन विलमिंगटन घोषणापत्र जारी कराने में कामयाब रहे। सम्मेलन में बढ़ते समुद्री सहयोग को खासतौर पर रेखांकित किया गया : पहला क्वाड समुद्री जहाज पर्यवेक्षक मिशन, क्वाड इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, क्वाड पोर्ट्स ऑफ फ्यूचर पार्टनरशिप और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग। इससे समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ेगा, जो आगामी वर्षों में क्वाड के लिए सबसे महत्वाकांक्षी एजेंडा साबित हो सकता है। जाहिर है, बाइडन ने अपने एक कार्यकाल में ही शानदार स्थायी विरासत हासिल कर ली है।

ध्यान रहे, क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा संवाद) का जन्म 2004 में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सुनामी के चलते हुई तबाही के बाद हुआ था, जब अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने प्रभावित देशों को मानवीय सहायता व आपदा राहत देने के लिए हाथ मिलाया था। वैसे, यह एक दशक से अधिक समय तक निष्क्रिय रहा, वर्ष 2017 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की आक्रामकता के मद्देनजर इसे पुनर्जीवित किया। ट्रंप के बाद क्वाड की बैठकों को शिखर सम्मेलन के स्तर तक ले जाने की जिम्मेदारी जो बाइडन पर थी। पहला क्वाड शिखर सम्मेलन वस्तुतः 12 मार्च, 2021 को हुआ था। तब से बाइडन के राष्ट्रपति रहते कुल छह सम्मेलन हो चुके हैं, जिनमें से दो आभासी और चार भौतिक हैं।

बाइडन ने चीन के खिलाफ ट्रंप के अधिकांश शुल्कों को जारी रहने दिया है। चीन पर वहां कड़ा प्रहार किया है, जहां सबसे ज्यादा मायने रखता है : चीन को चिप्स और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के निर्यात से इनकार किया है। वैसे, बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि वह चीन के साथ कोई टकराव नहीं, बल्कि उसे मात देना चाहेंगे। हालांकि, डेलावेयर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जोर देकर कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। इसके बावजूद चीन ने जोर-शोर से दोहराया है कि क्वाड उसके खिलाफ है। यहां रूस भी चीन से सहमत है।

बेशक, बाइडन के शासनकाल में क्वाड का एजेंडा तेजी से बढ़ा है, जो अब संयुक्त राष्ट्र और जी-20 के एजेंडे जैसा दिखता है। क्वाड सर्वाइकल कैंसर को कम करने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखला, हरित ऊर्जा, साइबर अपराध, आतंकवाद, ऋण राहत, कौशल विकास में भी सहयोग का वादा करता है। भारत ने भी सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान में चार साल के इंजीनियरिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के छात्रों को 5,00,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य की 50 क्वाड छात्रवृत्तियां देने का वादा किया है। इस संगठन में हर देश अपनी ओर से योगदान कर रहा है। बाइडन क्वाड के भविष्य के बारे में आशान्वित हैं, 'हमारे देश रणनीतिक रूप से पहले से अधिक एकजुट हैं...चुनौतियां आएंगी, दुनिया बदल जाएगी, क्वाड यहीं रहेगा।'

दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों की आर्थिक भलाई के लिए क्वाड देशों के बीच सहयोग की गति जारी रहेगी। बाइडन युग के बाद समुद्री सुरक्षा के लिए गहन सहयोग का और विस्तार होगा। यह विचार का विषय है कि हाल के वर्षों में जो क्वाड शिखर सम्मेलन हुए हैं, उनसे चीन की अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता में कमी आई है। खैर, अगले वर्ष भारत क्वाड की अध्यक्षता करेगा, उसके पास क्वाड को नई दिशा देने का अवसर होगा, जैसे उसने साल 2023 में जी-20 को दिया था।




जितना अधिक हम प्रभु के और अपनी आत्मा के नज़दीक आते हैं, उतना ही अधिक हम दूसरों की तकलीफों के प्रति करुणा से भर जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# आर्थिक सामाजिक विकास का नया सियासी दांव



बकभी भाजपा सहित देश की कई प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने सफल चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर (पीके) द्वारा अपनी बहुप्रतीक्षित राजनीतिक पार्टी 'जन सुराज पार्टी' की स्थापना को सियासी हल्को में कौतुहल और प्रश्नवाचक भाव में देखा जा रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि पीके का यह राजनीतिक पदार्पण कई विरोधाभासों से भरा है। वो बिहार की उस घोर जातिवादी मिट्टी में नई जातीय और सामाजिक गोलबंदी के साथ विकास की फसल लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो जातिवाद में गहरे तक सनी है।

पीके ने अपनी नई पार्टी का ऐलान बापू की जयंती 2 अक्टूबर को किया। उन्होंने कहा कि वो सत्ता में आए तो राज्य में आठ साल से जारी शराब बंदी को एक घंटे में खत्म कर देंगे। पीके के मुताबिक शराबबंदी से बिहार को कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टे हर साल 20 हजार करोड़ के राजस्व हानि की चपत जरूर लगी। उन्होंने कहा कि वे शराब से मिलने वाले टैक्स को बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे। पीके ने 'जय जय बिहार' दिया देते हुए बिहार और बिहारियों के सम्मान की रक्षा की भी बात कही।

राज्य के किसानों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए पीके ने कहा कि जन सुराज की सोच भूमि सुधार की है, सर्वे की नहीं। किसानों के लिए सुधार की योजनाएं पांच सालों के लिए लागू होंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में 100 में से 60 लोगों के पास जमीन नहीं है। हमें केवल खाने के लिए नहीं, बल्कि कमाने वाली खेती करनी होगी। पीके ने पार्टी की आइडियोलॉजी स्पष्ट करते हुए कहा कि जन सुराजियों की विचारधारा मानवता पर आधारित है।

हम 'ह्यूमन फर्स्ट' को तवज्जो देते हुए ऐसा बिहार बनाएंगे, जहां पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात से लोग रोजगार मांगने बिहार आएंगे। बिहार में गरीब बच्चों को पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट देना होगा। पीके ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू राज में राज्य में सड़कों, स्कूलों, बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं हुई थी। आज मोदीजी गुजरात में जो फैक्ट्रियां लगा रहे हैं, जहां बिहारी काम करने जाते हैं। पीके ने यह भी कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि जन सुराज पार्टी बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

जहां तक प्रशांत किशोर की बात है तो वो बिहार के रोहितास जिले के कोनार गांव में एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे हैं। उनका उपनाम पांडे है, लेकिन संभवतः राजनीतिक कारणों से वो सरनेम नहीं लिखते। इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट होने के बाद पीके ने संयुक्त राष्ट्र संघ में आठ साल तक सेवाएं दीं। उसके बाद भारत लौटकर सहभागिता में 'सिटीजन फॉर अकाउंटेबल गवर्नेंस' (सीएजी) नाम की कंपनी बनाई। कुछ समय बाद ही उन्होंने चुनावी रणनीति बनाने वाली नई कंपनी आई-पैक की स्थापना की और पहली बार गुजरात विधानसभा चुनाव में रणनीतिक सलाह देकर राज्य में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनवाने में योगदान दिया।

इसी आधार पर वो 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के चुनावी रणनीतिकार रहे। इस चुनाव में देश में पहली बार भाजपा केन्द्र में अपने दम पर सत्ता में आई। इसके बाद पीके ने कांग्रेस, जद(यू), वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, आप आदि कई पार्टियों के लिए विधानसभा चुनावों में रणनीतिकार की भूमिका निभाई और सम्बन्धित दलों को सत्ता दिलाने में मदद की। अब पीके चुनावी रणनीतिकार से खुद राजनेता बनने की भूमिका में हैं।

# कुत्ते-बिल्ली नहीं, महिला ने घर में पाले 2 बंदर

**जरा हट के**

आपने बहुत से लोगों को घर में कुत्ते-बिल्ली पाले देखा होगा. जिनके घर बड़े होते हैं, या जो लोग फार्महाउस में रहते हैं, वो गाय-भैंस, बकरी, भेड़ आदि जैसे जानवर भी पाल लेते हैं. पर क्या आपने बड़े, महंगे घरों में किसी को बंदर पाले देखा है? बेशक लोग बंदर पालते हैं, मगर आमतौर पर वो लोग गांव में रहने वाले मदारी होते हैं जो बंदर-बंदरिया का तमाशा दिखाते हैं. पर अमेरिका की एक लड़की चर्चा में है क्योंकि उसने अपने आलीशान घर में दो बंदरों को पालतू जानवर के तौर पर पाला है. वो उसे बच्चों की तरह पालती है मगर लोग उसे फिर भी ट्रोल करते हैं क्योंकि उनका कहना है कि वो उन्हें प्रताड़ित करती है.

डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार मिशिगन के एन आरबर की रहने वाली 22 साल की मैडलिन बेनेट के पास 2 स्क्वेरल मंकी हैं, ओलिवर और ओकली. मैडलिन ने उन बंदरों को पिछले साल एक ब्रीडर से खरीदा था. वो अब उनका ध्यान बिल्कुल बच्चों की तरह रखती हैं, उन्हें बोतल से खिलाती-पिलाती हैं, उनके लिए खास डायपर बनवाती हैं, उन्हें अलग-अलग तरह की ट्रिक्स सिखाती हैं.



वो बंदर को अपने साथ पेट फ्रेंडली रेस्टोरेंट ले जाती हैं, बोट राइड कराने ले जाती हैं, गोल्फ कार्ट पर घुमाने ले जाती हैं. मैडलिन का कहना है कि बंदर का ख्याल रखना फुल-टाइम काम है, क्योंकि वो बहुत शरारती होते हैं. वो उनका इतना ध्यान रखती हैं, मगर लोगों को लगता है कि उन्होंने बंदरों को सिर्फ मजे के लिए पाला है, वो उन्हें प्यार नहीं करतीं, बल्कि उनको प्रताड़ित करती हैं. कई लोग सोशल मीडिया पर कहते हैं कि उन्हें बंदरों को जंगल में छोड़ देना चाहिए, जो उनका असली घर है. हालांकि, मैडलिन ऐसे लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देतीं. उनका कहना है कि वो बंदरों की हर जरूरत को पूरा करती हैं. उन्होंने बताया कि बंदर बेहद प्यारे जीव होते हैं और बहुत अच्छे संबंध स्थापित कर लेते हैं. ये बच्चों की तरह ही हरकतें करते हैं. वो उन्हें कभी पिंजड़े में नहीं रखतीं, इस वजह से वो पूरे घर में कभी भी और कहीं भी घूस सकते हैं. जब वो 18 साल की थीं, तब से उन्हें बंदरों के लिए प्यार जागा. तब उन्होंने अपने पहले बंदर, रिप्ली को गोद लिया था.

# घर के लिए बेहद लकी है ब्राजीलियन वुड प्लांट

## ■ पॉजिटिव एनर्जी के साथ सौभाग्य लाए

अपने घर को हरा-भार बनाए रखने और एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए लोग तरह-तरह के इंडोर प्लांट्स रखते हैं. पौधा चाहे कोई भी हो हरियाली देखते ही मूड फ्रेश हो जाता है. कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जो न सिर्फ मूड को बूस्ट करते हैं, बल्कि घर के वातावरण को भी साफ-सुथरा बनाए रखते हैं. सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ ही लकी भी होते हैं. घर में पॉजिटिव एनर्जी लाते हैं. आप मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, पीस लिली, जेड प्लांट आदि कई तरह के पौधे अपने बेड रूम, ड्रॉइंग रूम, बालकनी में रखते होंगे. क्या आपके घर में ब्राजीलियन लकी वुड प्लांट है? नहीं है तो इसे भी जरूर रखें. ऐसा क्यों जानें यहां.

## ■ क्या है ब्राजीलियन वुड प्लांट?

फेंग शुई में ब्राजीलियन वुड प्लांट को बहुत ही महत्वपूर्ण पौधा माना गया है. यह न सिर्फ सेहत के लिए अच्छा है, बल्कि घर के वास्तु दोषों को भी दूर करने के लिए जाना जाता है. इसकी खासियत ये है कि इसे धूप की अधिक जरूरत नहीं होती. सिर्फ समय-समय पर पानी डालने की जरूरत होती है. ऐसे में आप घर के अंदर किसी भी कोने में इसे रख सकते हैं. कम रखरखाव की जरूरत होती है. इंडोर वातावरण में भी अच्छी तरह से बढ़ता है. इसे एक लकी पौधा माना जाता है.

## ■ ब्राजीलियन वुड प्लांट के फायदे

ब्राजीलियन लकी वुड प्लांट को आप घर में लक और पॉजिटिव एनर्जी लाने के लिए रख सकते हैं. इस पौधे को रूम में रखने से वातावरण शुद्ध होता है. नींद सुकून भरी आती है. इसकी लकड़ी खराब नहीं होती और न ही इसमें कीड़े लगते हैं. फेंगशुई के अनुसार, यह घर में सौभाग्य, सुख-समृद्धि लाता है. घर से नकारात्मक ऊर्जा को बाहर कर सकारात्मक ऊर्जा को प्रवाहित करता है. इसे घर में कहीं भी रख सकते हैं. जब इस पौधे में हरी पत्तियां आने लगती हैं तो यह बेहद ही खूबसूरत लगता है. ऐसा भी कहा जाता है कि ब्राजीलियन वुड प्लांट को घर में लगाने से किस्मत चमक जाती है. इसे आप अपने ऑफिस डेस्क पर भी रख सकते हैं, ताकि पॉजिटिव एनर्जी बनी रहे.



## ■ कहां रखें घर में ब्राजीलियन वुड प्लांट

आप इस पौधे को पूर्व या फिर दक्षिणपूर्व में रख सकते हैं. इससे सेहत और सौभाग्य दोनों बना रहेगा. आप चाहें तो ब्राजीलियन वुड से बनी फर्नीचर, साज-सजावट के सामान, छोटे-छोटे क्रेविंग्स से भी घर को डेकोरेट कर सकते हैं. आप इस पौधे को ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं. इसे आप एक इंच पानी में एक ग्लास या ट्रांसपेरेंट कंटेनर में रखें. जब इसमें से रूट निकलने लगे तो इसे आप मिट्टी में लगा सकते हैं.

## ■ ब्राजीलियन वुड प्लांट की खासियत

ये पौधा देखने में बेहद ही खूबसूरत होता है. नेचुरल लकड़ी के स्टंप से इसमें पत्ते उगते हैं, जो देखने में बेहद ही आकर्षक इनडोर प्लांट है. घर के वायु को शुद्ध करता है. ये पौधा विषाक्त पदार्थों को घर के अंदर से हटाता है. फ्रेश ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे इनडोर एयर क्वालिटी में सुधार होता है. इसका आकार भी बहुत बड़ा नहीं होता, ऐसे में आप इसे अपने ऑफिस डेस्क, टेबलटॉप पर बिना अधिक जगह लिए रख सकते हैं.

# कच्चे सिंघाड़े की सब्जी

खाना-खजाना

नवरात्रि में भक्त देवी की आराधना और पूजा करते हैं। साथ ही व्रत रहते हैं। व्रत में शुद्ध और सात्विक खाना तो सभी खाते हैं लेकिन साथ ही ये खाना टेस्टी और हेल्दी भी होना चाहिए। व्रत में सिंघाड़ा सबसे ज्यादा खाया जाता है। सिंघाड़े के आटे के साथ ही कच्चे सिंघाड़े को भी व्रत में खाया जा सकता है। अगर आप कच्चे सिंघाड़े से कुछ नया बनाना चाहती हैं तो ट्राई करें ये फलाहारी सब्जी। जिसे बड़े-बुजुर्ग जरूर पसंद करेंगे।

**सामग्री :**

- कच्चा सिंघाड़ा
- देसी घी
- जीरा
- काली मिर्च
- नींबू का रस
- बारीक कटी हरी धनिया
- सेंधा नमक

**रेसिपी :**

सबसे पहले सिंघाड़े को अच्छी तरह से दो से तीन बार पानी में डालकर साफ कर लें। फिर इन सिंघाड़ों के छिलके को निकाल लें। दरअसल छिलकों को निकालते समय में इसमे उगे कांटों का खास ध्यान रखें।

सबसे पहले ऊपर की तरफ से सिंघाड़े को दो भाग में कर दें। फिर इसके छिलके को निकालना आसान हो जाता है। अब इन सारे छीले हुए सिंघाड़ों को पानी से एक बार फिर धो दें। जब ये अच्छी तरह से क्लीन हो जाए तो गैस पर कड़ाही चढ़ाएं। उसमे देसी घी डालकर गर्म करें और जीरा चटकाएं। जीरा चटकाने के बाद उसमे कटे हुए सिंघाड़े डालें। इन सिंघाड़ों को तेज फ्लेम पर भूनें। जिससे इनसे सोंधी महक आने लगे। अब साथ में सिंघाड़े पर सेंधा नमक, पिसी काली मिर्च, बारीक कटी हरी धनिया डालें। सबसे आखिर में नींबू का रस डालकर गर्मागर्म परोसें।



# 90% लोग नहीं पीते सही तरीके से पानी

## ■ ऐसे पीने से फायदे की जगह होगा नुकसान
## ■ जानें कब और कितना पीना चाहिए वॉटर

बिना पानी पिए कोई भी जीवित नहीं रह सकता है. शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है. शरीर के अंगों को सही तरीके से काम करने, बॉडी से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है. हालांकि, अधिकतर लोग पानी कब पीना चाहिए, किस तरीके से पीना चाहिए, एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए, इस बारे में सही जानकारी नहीं रखते हैं. जब आप पानी पीते हैं तो शरीर को एनर्जी मिलती है. कई तरह के रोगों से बचे रह सकते हैं. लेकिन, एक दिन में अधिक पानी पीना भी सेहत को भारी नुकसान पहुंचा सकता है. चलिए जानते हैं पानी पीने का सही तरीका क्या है.

### पानी पीने का सही समय क्या है?

एक रिपोर्ट के अनुसार, पानी मस्तिष्क के कामकाज, फिजिकल परफॉर्मेंस से लेकर पाचन तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सुबह के समय खाली पेट एक गिलास पानी पीना बेस्ट होता है.



### पानी पीने के फायदे

- प्रतिदिन हर किसी को कम से कम 3 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए. इससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है.
- दिन भर पानी पीते रहने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है. डिहाइड्रेशन से बचाव होता है.
- कब्ज की समस्या से जो लोग परेशान रहते हैं, उनके लिए पानी पीना बहुत ही फायदेमंद है.
- शरीर से टॉक्सिक पदार्थ फ्लश आउट करने के लिए पानी पीना जरूरी है.
- पानी पीने से स्किन ग्लो करती है. स्किन हाइड्रेट रहती है. लचीली और कोमल बनी रहती है.

यदि आप डिहाइड्रेटेड हैं तो डेली वॉटर इनटेक बढ़ाकर हाइड्रेशन लेवल को बूस्ट कर सकते हैं इससे न सिर्फ मूड और ब्रेन फंक्शन में सुधार होता है, बल्कि एनर्जी लेवल भी बढ़ती है.

यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो खाना खाने से पहले एक गिलास पानी पीना सही तरीका हो सकता है. ऐसा करने से न सिर्फ आपको पेट भरे होने का एहसास होगा, बल्कि आप भोजन करते समय अधिक खाने से भी बचेंगे. नॉर्मली, भोजन करने के आधा-एक घंटा पहले और इसी तरह भोजन के बाद भी पानी पिएं.

### पानी पीने का सही तरीका

यदि आप खड़े होकर जल्दबाजी में पानी पीते हैं तो ऐसा न करें. आराम से पानी हमेशा बैठकर ही पीना चाहिए. खड़े होकर पानी पीने से किडनी और घुटनों से संबंधित समस्या हो सकती है. खड़े होकर या जल्दी में पानी पीने से किडनी इसे सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाती. इससे सूजन भी हो सकता है. बेहतर है कि आप उकड़ू होकर बैठें और तब पानी पिएं. इस स्थिति में किडनी रिलैक्स होती है. इस तरह बैठने से पेट की मांसपेशियां भी रिलैक्स अवस्था में होती हैं. पानी को धीरे-धीरे और घूंट-घूंट करके ही पिएं. कम पानी पीने से आपको कब्ज, पाचन तंत्र संबंधित समस्याएं, बालों का झड़ना, त्वचा की समस्या, अर्थराइटिस आदि समस्याएं हो सकती हैं.

# किचन में लगी चिमनी क्लीनिंग की टिप्स

किचन के धुएं से चिमनी अक्सर काली और ऑयली दिखने लगती है. ऐसे में चिमनी को साफ करना काफी चैलेंजिंग हो जाता है. मगर आपके किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप चिमनी को आसानी से चमका सकते हैं. वहीं हफ्ते में एक बार ये नुस्खे अपनाकर आप चिमनी को हमेशा साफ और नया रख सकते हैं. तो आइए जानते हैं चिमनी को क्लीन करने के टिप्स.

### नमक का इस्तेमाल करें

किचन की चिमनी को साफ करने के लिए आप नमक की मदद ले सकते हैं. इसके लिए 1 बाल्टी पानी गर्म कर लें. अब इसमें थोड़ा सा नमक, सिरका और बेकिंग सोडा मिक्स कर लें. सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद चिमनी का फिल्टर निकालें और उसे इस पानी में डाल दें. वहीं 2-3 घंटे बाद फिल्टर पर डिटर्जेंट लगाकर रगड़ें. इससे चिमनी का फिल्टर तुरंत चमक जाएगा.

### सिरके का उपयोग करें

अगर आपके किचन की चिमनी ज्यादा गंदी नहीं है. तो इसे धोने की बजाए आप पेपर टॉवल से भी क्लीन कर सकते हैं. इसके लिए कटोरी में सिरका ले लें. अब पेपर टॉवल को इसमें भिगोएं और इससे चिमनी के फिल्टर को साफ कर लें. इससे फिल्टर पर लगी गंदगी तुरंत छूट जाएगी.

### कास्टिंग सोडा यूज करें

कास्टिंग सोडा का इस्तेमाल करके भी आप चिमनी को मिनटों में साफ कर सकते हैं. इसके लिए बाल्टी में गर्म पानी लें और इसमें कास्टिंग सोडा मिक्स कर दें. अब चिमनी का फिल्टर निकालकर इस बाल्टी में डाल दें. इससे फिल्टर पर लगी गंदगी तुरंत रिमूव हो जाएगी. इसके बाद फिल्टर को नॉर्मल साबुन या डिटर्जेंट से धो लें. आपका फिल्टर बिल्कुल क्लीन हो जाएगा.

### साबुन से करें सफाई

चिमनी अधिक गंदी ना होने पर आप इसे नॉर्मल साबुन से भी साफ कर सकते हैं. इसके लिए गर्म पानी में लिक्विड सोप मिलाएं. वहीं आप डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. अब फिल्टर को इस पानी में भिगोएं और कुछ देर बाद निकाल कर ब्रश से रगड़ दें. आपका फिल्टर बिल्कुल नया दिखने लगेगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें। घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी।

**सिंह :** आज धन पाने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जमानत के कार्य न करें।

**कन्या :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला :** अपनी उत्तेजना पर नियंत्रण रखें, विवाद न करें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** बाहरी यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे।

**मकर :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। जोखिम न लें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## खबरें गांव की...

### रात को पार्टी के बाद तीसरी मंजिल से गिरा MBBS का छात्र, रोड पर मिला शव

**शाहजहांपुर.** यूपी के शाहजहांपुर जिले के बंथरा स्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज में एमबीबीएस सेकेंड ईयर के छात्र कुशाग्र प्रताप सिंह की हास्टल की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने पड़ताल के बाद कहा है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुशाग्र ने सुसाइड किया है या उसे किसी ने धक्का देकर नीचे गिराया है। पुलिस तर्क दिया है कि अगर कोई सुसाइड करता है तो ऊपर से वह पेट के बल गिरता है, लेकिन कुशाग्र का शव पीठ के बल पड़ा मिला है, इसलिए यह हत्या भी हो सकती है। एसपी राजेश एस ने मौका मुआयना करने के बाद बताया कि हम सीसीटीवी की फुटेज दिखवा रहे हैं, कुशाग्र ने सुसाइड किया या फिर उसकी हत्या हुई है, इसकी पड़ताल की जा रही है।

### गोंडा में सड़क किनारे मिला युवती का शव, गला काटकर हत्या, पहचान खोजने में जुटी पुलिस

**गोंडा.** गोंडा के कटरा बाजार में रविवार सुबह थाना क्षेत्र के सेल्हरी गांव के पास सड़क किनारे बीस वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि किसी धारदार हथियार से गला रेतकर युवती की हत्या करके उसका शव सड़क किनारे सुनसान जगह पर फेंक दिया गया है। सुबह ग्रामीणों के देखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस युवती की पहचान खोजने में जुट गई है। पहचान होते ही परिजनों को हत की जानकारी दी जाएगी।

### हाईवे पर मिली महिला की लाश, सीने में लगी गोली, साथ लेकर जाने वाला फौजी पति फरार

**मथुरा.** मथुरा में थाना जैंत के छटीकरा क्षेत्र शनिवार को हाइवे के किनारे करीब 30 वर्षीय महिला का शव पड़ा मिला। देर रात उसकी पहचान मैनपुरी के गांव निवासी सरिता सिंह के रूप में हुई है। महिला के सीने में गोली लगी है। शरीर पर चोट के भी निशान हैं। शिनाख्त के बाद महिला के भाई ने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। शनिवार सुबह जैंत पुलिस को छटीकरा से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर गिट्टी प्लांट के पास एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौका मुआयना कर अधिकारियों को जानकारी दी। सीओ सदर भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जैंत थाना प्रभारी ने बताया, पुलिस ने शव की फोटो सोशल मीडिया व थानों में भेजी थी। फोटो देखकर पहुंचे परिजनों ने महिला के शव की शिनाख्त की है। महिला के फर्रुखाबाद निवासी भाई ने अपने बहनोई गौरव सिंह पर हत्या का आरोप लगाया है। गौरव सेना में है। इन दिनों वह घर आया हुआ है।

### मस्जिद में घुसकर इमाम को गोली मारी, तमंचा वहीं फेंककर फरार हो गया

**मेरठ.** यूपी के मेरठ की एक मस्जिद में घुसकर एक युवक ने इमाम को गोली मार दी गई। इसके बाद वह तमंचा वहीं फेंककर फरार हो गया। गोली मारने वाला युवक मंदबुद्धि बताया जा रहा है। इमाम को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह साढ़े छह बजे के करीब हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि शनिवार की रात मंदबुद्धि युवक अपनी याददाश्त का उपचार कराने इमाम के पास आया था। इमाम ने डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी और उपचार से मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपी युवक नाराज हो गया और इस वारदात को अंजाम दे दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मुरलीपुरा निवासी मौलाना नईम लिसाड़ी गेट की शहजाद कॉलोनी में कासमी मस्जिद में इमाम हैं। इमाम के पास शनिवार रात को स्थानीय निवासी मंदबुद्धि युवक सरताज अपना उपचार करने आया था। सरताज ने बताया कि उसकी याददाश्त कमजोर है और कुछ भी याद नहीं रहता है। इमाम ने उपचार करने से मना कर दिया और डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी थी। इसी बात को लेकर आरोपी सरताज ने मौलाना को धमकी दी थी।

## हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव के पोल ऑफ पोल्स

# हरियाणा के 13 एग्जिट पोल में कांग्रेस की वापसी

- **J&K के 10 पोल में कांग्रेस-NC सरकार**

**एग्जिट पोल 2024 | पोल ऑफ पोल्स**

| हरियाणा (13 एजेंसी का सर्वे) | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| | 26 | 57 | 7 |

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| जम्मू-कश्मीर (10 एजेंसी का सर्वे) | भाजपा+ | NC+कांग्रेस | PDP | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 28 | 41 | 10 | 11 |

**नई दिल्ली.** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 विधानसभा सीटों पर वोटिंग पूरी हो गई है। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। उससे पहले शनिवार को एग्जिट पोल्स जारी किए गए। उसके आधार पर पोल ऑफ पोल्स भी सामने आया। दोनों राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटें जरूरी हैं।

हरियाणा में 12 सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल किए। जम्मू-कश्मीर में 10 एजेंसियों ने एग्जिट पोल किया। इन सबको मिलाकर पोल ऑफ पोल्स का हिसाब लगाया गया।

पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, हरियाणा के 12 सर्वे में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। पार्टी को 56 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा बहुमत से काफी दूर 27 सीटों पर सिमट सकती है।

पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के 10 पोल में से 5 नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बना रहे हैं, जबकि 5 में वह बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिख रही है। पार्टी को 40 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 30 सीटें ला सकती है। PDP और अन्य को 10-10 सीटें आएंगी।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में मतदान खत्म होने के बाद अलग-अलग न्यूज चैनल्स और एजेंसियों ने अपने एग्जिट पोल जारी कर दिए हैं। ज्यादातर पोल में हरियाणा में कांग्रेस सरकार का अनुमान लगाया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस के गठबंधन को आगे बताया गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में करवाए गए थे। दोनों राज्यों के फाइनल नतीजे 8 अक्टूबर को सामने आएंगे। आर्टिकल 370 हटने के करीब 10 साल बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनाव करवाए गए हैं। ऐसे में इन चुनावों के बेहद अहम माना जा रहा है।

# भागवत बोले- हिंदुओं को एकजुट रहना होगा

- **कहा- भारत हिंदू राष्ट्र, मतभेद को भुलाना होगा**
- **मोदी-योगी भी कह चुके- बंटेंगे तो नुकसान होगा**

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा- हिंदू समाज मतभेद और विवाद मिटाकर एक साथ आएं। संघ प्रमुख शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

शनिवार को ही मोदी ने महाराष्ट्र में कहा था- हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। अगस्त में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था- हम बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे।

भागवत ने कहा- हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेद और विवाद मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। समाज ऐसा हो जहां संगठन, सद्भावना और आत्मीयता का व्यवहार हो। समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और ध्येय निष्ठ होने का गुण आवश्यक है। मैं और मेरा परिवार मात्र से समाज नहीं बनता, बल्कि हमें समाज की सर्वांगीण चिंता से अपने जीवन में भगवान को प्राप्त करना है।

विश्व में भारत की प्रतिष्ठा अपने देश के सबल होने से है। सबल राष्ट्र के प्रवासियों की सुरक्षा भी तब ही होती है, जब उनका राष्ट्र सबल है। वरना निर्बल राष्ट्र के प्रवासियों को देश छोड़ने के आदेश दे दिए जाते हैं। भारत का बड़ा होना प्रत्येक नागरिक के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

## बंगाल में महिला से रेप, कीटनाशक खिलाकर हत्या का आरोप

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनिपुर के भूपतिनगर में एक महिला से रेप का मामला समाना आया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि महिला के 2 पड़ोसियों ने शनिवार सुबह उसे किडनैप कर रेप किया।

इसके बाद उसे जबरन कीटनाशक खिलाकर हत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। रविवार सुबह महिला की मौत की खबर फैलने पर स्थानीय महिलाओं ने घटना को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने एक आरोपी के घर पर हमला भी किया। उसे अर्धनंग्न हालात में घरे बाहर खीचकर पीटा।

गांव की गलियों में घसीटकर महिलाओं ने आरोपी की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। मामला बढ़ते देख पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची।

# हाजीपुर में बही 95KM दूर मोकामा में जिंदा मिली महिला

- **24 घंटे गंगा की लहरों से जूझती रही**
- **अकड़ गया था शरीर, बोली-तैरना नहीं जानती**

**सोनपुर.** बिहार के सोनपुर में गंगा नदी में बही महिला 95 KM दूर मोकामा में मिली, वो भी जिंदा। वो 24 घंटे तक गंगा की तेज धार से खुद को बचाने के लिए जूझती रही। महिला का नाम प्रमिला देवी (60) है। प्रमिला अपने पति के साथ वैशाली के सोनपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को नवरात्र पर गंगा स्नान के लिए गई थी। दोनों नहाने के दौरान नदी के गहरे पानी में चले गए और तेज धार में बहने लगे। लगभग 24 घंटे बाद मोकामा में लोगों ने प्रमिला को सही सलामत नदी से निकाल लिया। वहीं पति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। महिला का कहना है कि कि उसे तैरना नहीं आता है। वो गंगा में बहती चीजों के सहारे खुद को बचाती रही और मोकामा में लोगों ने उसे बचा लिया। पानी में 24 घंटे रहने की वजह से महिला का पूरा शरीर अकड़ गया था। मोकामा के मेकरा गांव के सोनू पहलवान ने बताया वो गंगा किनारे बैठे थे। अचानक उसे एक महिला के चिल्लाने की आवाज आई। सोनू ने दोस्तों के साथ मिलकर नदी में नाव उतारी और आवाज की दिशा में बढ़ चले।

सोनू पहलवान ने बताया कि महिला गंगा नदी की बीच धारा में बहती जा रही थी। वह बचाने की गुहार लगाकर बेहोश हो गई थी। महिला को किसी तरह गंगा नदी की तेज धारा से खींचकर नाव में चढ़ा लिया। उसका हाथ-पैर पूरी तरह से अकड़ गया था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- चुनी हुई सरपंच को हटाना गंभीर मामला

- **बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटा**
- **कार्यकाल पूरा होने तक पद पर बहाल किया**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत की सरपंच को पद से हटाने के केस को गंभीर मामला बताया है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि को हटाने को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए, खासकर तब, जब यह ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जुड़ा हो।

बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए 27 सितंबर को कोर्ट ने कार्यकाल पूरा होने तक सरपंच की बहाली के आदेश दिए। बेंच ने कहा- यह क्लासिक केस है। गांव वाले इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहे कि एक महिला सरपंच चुनी गई है और उन्हें उसके निर्देशों को मानना होगा।



दरअसल, महाराष्ट्र के जलगांव में विचखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच मनीष रवींद्र पानपाटिल ने अपने खिलाफ हुए एक्शन पर याचिका लगाई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद उन्हें उनके पद से हटाने का आदेश दिया गया था।

मनीष पर आरोप था कि वे सरकारी जमीन पर बने घर में अपनी सास के साथ रह रही थीं। पानपाटिल ने इस आरोप का खंडन किया। उन्होंने बताया कि वे अपने पति और बच्चों के साथ किराए के घर में अलग रहती हैं।

### कोर्ट ने कहा- ऐसे केस महिला सशक्तिकरण की प्रगति पर असर डालते हैं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये हालात तब और भी गंभीर हो जाते हैं, जब हम देश के सरकारी ऑफिस, निकायों समेत सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जमीनी स्तर पर ऐसे उदाहरण हमारी किसी भी प्रगति पर भारी असर डालते हैं। बेंच ने यह भी कहा कि महिलाएं काफी संघर्ष के बाद ही ऐसे पब्लिक ऑफिस तक पहुंच पाने में सफल होती हैं।

### अधिकारियों को निर्देश- संवेदनशील बनें

बेंच ने कहा कि सरपंच के पद से उनका हटाया जाना बेहद गलत है। संबंधित अधिकारियों को खुद को संवेदनशील बनाने और अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। ताकि अपीलकर्ता जैसी महिलाएं ग्राम पंचायत के सरपंच के रूप में अपनी सेवाएं देकर अपनी योग्यता साबित कर सकती हैं।



उल्हास विकास



## संक्षेप...

### सशस्त्र डकैती के मामले में तीन आरोपी बरी

**ठाणे.** जिले की विशेष मकोका अदालत ने 19 साल पुराने सशस्त्र डकैती के मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मुकदमे से तीन आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया.

विशेष मकोका न्यायाधीश अमित शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ मिलना चाहिए. अदालत ने सेल्वराज सुब्रमण्यम मुदलियार (45), जयराम अच्छेलाल जायसवाल (39) और अनिल जसराम चौहान (48) को मामले से बरी कर दिया. मुकदमे के दौरान दो अन्य आरोपियों की मृत्यु हो गई जिसके कारण उनके खिलाफ मामला समाप्त कर दिया गया था.

# पिंक ई-रिक्शा योजना लॉन्च

### ■ 10 हजार महिलाओं को होगा फायदा



**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले 'लाडली बहन योजना' का बड़ा दांव खेलने के बाद सरकार ने अब पिंक ई रिक्शा योजना को शुरू किया है। छत्रपति संभाजीनगर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। नवरात्र चल रहे हैं। मैंने लाडली बहन योजना शुरू की। 2.5 करोड़ मेरी लाडली बहनों को इसका फायदा मिला है। आज पिंक रिक्शा योजना भी यहां पर शुरू हुई है। आज हमारी कई बहनों को पिंक रिक्शा दी गई है।

जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की स्वीकृति से उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 17 शहरों में पिंक ई-रिक्शा की योजना का ऐलान किया था। इस योजना से राज्य की करीब 10 हजार महिलाओं को फायदा होगा।

पिंक ई-रिक्शा योजना के तहत पात्र महिलाओं को 20 फीसदी राशि सरकार की तरफ से दी जाएगी। राज्य सरकार के अनुसार इस योजना से महिलाओं को शहरों में रोजगार भी मिलेगा और वे आर्थिक तौर पर सशक्त बन सकेंगी। इससे पहले राज्य सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना का ऐलान किया था। इसमें सरकार ने 20 से 65 साल की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का ऐलान किया है।

### क्या है पिंक ई-रिक्शा योजना?



- महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित पिंक ई-रिक्शा योजना के तहत राज्य की सभी पात्र महिलाओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 80 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।
- योजना के अनुसार लाभार्थी महिला महाराष्ट्र की स्थायी निवासी होनी चाहिए। महिला लाभार्थियों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। एक अनुमान के अनुसार इस योजना का लाभ 17 शहरों की 10 हजार महिलाओं को मिलेगा।
- इस योजना के तहत रिक्शा की खरीद पर 20 फीसदी राशि सरकार की ओर से दी जाएगी। सरकार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह योजना लेकर आई है।
- उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि हम महिलाओं के लिए एक और योजना लेकर आए हैं। इस योजना का नाम पिंक रिक्शा है। इस योजना का 20 प्रतिशत भुगतान महिलाओं को करना था। 20 प्रतिशत सरकारी और 70 प्रतिशत बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

# भिवंडी में नवरात्रि पर्व की धूम

### ■ गरबा रसिकों की जुट रही भारी भीड़



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में नवरात्रोत्सव बड़ी धूमधाम उत्साह से दुर्गा माता भक्तों द्वारा जोरशोर से मनाया जा रहा है. शहर स्थित तमाम हिंदू बहुल क्षेत्र में दुर्गा माता की भव्य मूर्तियां बिठाई गई हैं जहां महिलाओं द्वारा गरबा भी खेला जा रहा है. गरबा स्थलों पर महिलाओं की भारी भीड़ जुट रही है.पुलिस द्वारा 10 बजे रात्रि तक गरबा खेलने के दिए निर्देशों का मंडल पालन कर समय से गरबा बंद कर देते हैं. नवरात्रि अवसर पर फेना गांव कामतघर स्थित जय मां सिंह वाहिनी मित्र मंडल संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर अभिमन्यु सिंह एवम जय मां सिंह वाहिनी महिला मंडल अध्यक्षा सुमन सिंह द्वारा नवरात्रि पर्व में कई वर्षों से दुर्गा मां की भव्य मूर्ति विराजित कर मां दुर्गा का दर्शन, पूजन, आरती का सुअवसर भक्तों को मुहैया कराया जा रहा है.शाम को मां की आरती के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा होती है. मानसरोवर में कपिल पाटिल फाउंडेशन अध्यक्ष पूर्व पार्षद सुमित पाटील द्वारा विशाल भव्य मंडप में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित की गई है.आगामी विधान सभा के चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनैतिक दलों के नेता अपनी मौजूदगी दिखाने के लिए दुर्गा माता के दरबार में पहुंचकर हाजिरी भी लगा रहे हैं.समुचित सुरक्षा में रात्रि में गरबा खेलने की खातिर भारी संख्या में महिलाएं माता की पूजा,अर्चना के बाद डीजे की सुमधुर धुनों पर समूह में एकत्रित होकर गरबा डांस करती हैं.विगत कई वर्षों से न्यू कनेरी स्थित ॐ जय बाबा मित्र मंडल संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र तिवारी, श्री उत्तर भारतीय मित्र मंडल घूंघट नगर, अशोक नगर, गोकुल नगर, ब्राह्मण आली, आदर्श पार्क, अजंता कंपाउंड, गायत्री नगर,पद्मा नगर, वराल देवी मंदिर, कामतघर, भाग्य नगर, ताड़ाली, ओसवाल वाडी, नवी वस्ती, अंजुर फाटा, भंडारी कंपाउंड आदि एरिया में भक्त गण नव दुर्गा मां की भव्य मूर्तियां बिराजित कर पूरे उत्साह एवम भक्ति भाव से नवरात्रि पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है.

# चेंबूर में आग से 3 बच्चों समेत 7 की मौत

### ■ ग्राउंड फ्लोर की दुकान में लगी आग पहली मंजिल तक पहुंची

### ■ शॉर्ट सर्किट से आग भड़कने की आशंका



**मुंबई.** चेंबूर इलाके के सिद्धार्थ कॉलोनी में 3 मंजिला इमारत में आग लग गई। इससे एक ही परिवार के 3 बच्चों समेत 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 5:20 बजे की है। चश्मदीदों ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान आग में भड़की।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। देखते ही देखते आग ऊपर की मंजिल तक पहुंची, लेकिन वहां रह रहे लोगों को रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

फयर ब्रिगेड ने करीब 9 बजे तक आग पर काबू पाया, जिसके बाद अंदर फंसे सभी 7 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

फि ल हा ल आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किटिंग के कारण लगी। शॉर्ट सर्किट से दुकान में धमाका हुआ और आग पूरी इमारत में फैली। चश्मदीद बोले- सभी 7 लोगों की बॉडी बुरी तरह झुलसी हुई थी मृतकों की पहचान पेरिस गुप्ता (7 साल), मंजू प्रेम गुप्ता (30 साल), अनीता गुप्ता (39 साल), प्रेम गुप्ता (30 साल) और नरेंद्र गुप्ता (10 साल), विधि गुप्ता (15 साल) और गीतादेवी गुप्ता के रूप में की गई है। चश्मदीदों ने बताया कि इन सभी की बॉडी बुरी तरह झुलसी हुई थी। आग लगने के बाद इन्हें भागने का मौका नहीं मिला।

बिल्डिंग में अंदर जाने का एक ही रास्ता मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मकान में अंदर जाने का एक ही रास्ता था। आग की ऊंचीं लपटें देखकर पड़ोसी अंदर फंसे परिवार को रेस्क्यू नहीं कर पाया। फायर ब्रिगेड भी घर के बाहर से आग बुझा पाए। आग बुझने तक वे अंदर नहीं जा सके। इसी वजह से समय रहते परिवार को रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

# मुंबई में शहर में जीका, डेंगू, मलेरिया और लेप्टो जैसी अन्य बीमारियों का बोलबाला



**मुंबई.** मुंबई शहर में जीका, डेंगू, मलेरिया और लेप्टो जैसी अन्य बीमारियों का बोलबाला शुरू है, जिन्हें रोकने में मनपा पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। इसके अलावा सर्दी-खांसी और बुखार ने भी लोगों की नाक में दम कर रखा है। यही नहीं जीका ने भी दस्तक देकर लोगों की टेंशन को और भी बढ़ा दिया है और मनपा है कि उसे कुछ फर्क नहीं पड़ रहा है।

मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में मलेरिया के 1,261, डेंगू के 1,456, गैस्ट्रो के 466, चिकनगुनिया के 156, लेप्टो के 75, हेपेटाइटिस के 129, स्वाइन फ्लू के 62 और जीका के मरीज मिले हैं। दूसरी तरफ पिछले महीने में मलेरिया के 1,171, डेंगू के 1,013, गैस्ट्रो के 694, लेप्टो के 272, हेपेटाइटिस के 169, चिकनगुनिया के 164 और स्वाइन फ्लू के 170 मरीज मिले हैं। जुलाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो डेंगू के 535, मलेरिया के 797, गैस्ट्रो के 1239, लेप्टो के 141, स्वाइन फ्लू के 161, चिकनगुनिया के 25 और हेपेटाइटिस के 146 मामले दर्ज किए गए।

### जीका का मिला मरीज

मुंबई में जीका वायरस का पहला मामला सामने आया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 87 वर्षीय एक व्यक्ति में जीका संक्रमण का पता चला है। बीमारी के लक्षण वाले एक बुजुर्ग के रक्त का नमूना पुष्टि के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी लैब में भेजा गया था। रिपोर्ट में बीमारी का पता चला है। मनपा स्वास्थ्य विभाग से इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली है कि क्या बुजुर्ग अपनी बीमारी से ठीक हो गए हैं या वे प्रभावित क्षेत्रों से आए हैं। मनपा का स्वास्थ्य विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इस साल राज्य में जीका वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 130 तक पहुंच गई है।

# ठाणे में CSR फंड देने के नाम पर कारोबारी से फर्जीवाड़ा

### ■ ठगों ने लगाया 32 लाख रुपये का चूना

**ठाणे.** ठाणे में एक कारोबारी से 32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यवसायी से सीएसआर फंड देने के नाम पर 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में आंध्र प्रदेश के तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि शिक्षा सेवा फर्म चलाने वाले व्यवसायी की शिकायत के आधार पर, कल्याण पुलिस ने शुक्रवार को जालसाजी, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और अन्य आरोपों को लेकर भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है.

### 2017 में हुई थी धोखाधड़ी

उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी अप्रैल और जून 2017 के बीच हुई थी. अधिकारी ने कहा कि आरोपी रतनलाल वेणु गोपालराव और साहूकार सुनीत शेखर, दोनों विशाखापत्तनम के रहने वाले हैं और मुंबई की रहने वाली श्रावणी रमेश रेड्डी ने पीड़ित के लिए सीएसआर फंड का वादा किया था.

उन्होंने कहा कि तीनों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एक प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी के दस्तावेज पेश किए. उन्होंने खुद को आरबीआई के अफसर के रूप में पेश किया और पीड़ित के लिए सीएसआर फंड और 5 करोड़ रुपये के दान का प्रबंधन करने की पेशकश की.

अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ने सीएसआर फंड हासिल करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कारोबारी से 32 लाख रुपये की मांग की. हालांकि, वो वादा किए गए पैसे या दान देने में विफल रहे और पैसे वापस नहीं किए. उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है.

# भोजपुरी फिल्म का मुहूर्त




उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** भोजपुरी फिल्म 'माटी प्रीत जगावेले' का मुहूर्त पत्रकार परिषद आयोजित कर किया गया।फिल्म के प्रोड्यूसर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नाम के अनुरुप ही, हम बहुत ही सुन्दर फिल्म बना रहे हैं। जिसकी भाषा एवं संवाद दर्शकों को बहुत पसंद आएगा।भोजपुरी फिल्म 'माटी प्रीत जगावेले' के निर्देशक नियाज़ ख़ान हैं। अभिनेता का दमदार किरदार हरीश हराया निभाएंगे तो अभिनेत्री महक राज और ममता सिंह का बेहतरीन अभिनय दर्शकों को देखने को मिलेगा।

इसके साथ ही रामपाल सिंह व मनोज पांडे का अभिनय दर्शकों को देखने के लिए सुनहरा अवसर प्राप्त होगा ।खलनायक की अहम भूमिका में योगेश और बाल कलाकार समीक्षा व प्रांजल सहित अन्य कलाकार फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। गणेश पांडे के संगीत से सजी फिल्म 'माटी प्रीत जगावेले' दर्शकों को बेहद पसंद आएगी। फिल्म की जरुरतों के हिसाब से उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शूटिंग पूरी होगी। फिल्म 'माटी प्रीत जगावेले' राष्ट्रीय प्रकल्प मेरी मिट्टी मेरा देश को चरितार्थ करेगी।

### बैंक में नकली गहने गिरवी रख ले लिया 40 लाख का लोन

**ठाणे.** ठाणे में ठगी का मामला सामने आया है. यहां बदमाशों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए बैंक में नकली गहने गिरवी रख 40 लाख का लोन ले लिया. बैंक को बाद में पता चला की गहने नकली हैं. इस मामले में बैंक ने 22 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है.

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, आरोपियों ने नवंबर 2020 से नवंबर 2021 के बीच मुंब्रा इलाके में बैंक की शाखा से आभूषण गिरवी रखकर लोन लिया था. मुंब्रा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में ऑडिट और निरीक्षण के दौरान पता चला कि गिरवी रखे गए आभूषण असली नहीं हैं. उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारी की शिकायत के आधार पर 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

### भिवंडी मनपा जन सभा में भीड़ जुटाने में रही असफल

**भिवंडी.** ठाणे में शनिवार को हुई प्रधानमंत्री मोदी की सभा में भीड़ दिखाने की खातिर शासन द्वारा सरकारी लाभार्थियों, पात्र लाडली बहना को भिवंडी से ठाणे पहुंचाने की जिम्मेदारी मनपा को सौंपी गई थी.

मनपा प्रशासन ने जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बड़े तामझाम से ठेकेदारों से 250 बसों की बुकिंग सहित नाश्ता, फल,पानी में लाखों रुपए फूंका बावजूद जरूरी जरूरी भीड़ जुटाने में असफल रही.सूत्रों की मानें तो,मनपा आयुक्त अजय वैद्य का करीब 12,000 सरकारी योजनाओं की पात्र महिलाओं को सभा में भेजने का दावा पूर्णतया हवाहवाई साबित हुआ.






# रेस-4 में होगा सैफ अली खान का कमबैक


बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान फिल्म 'रेस' के अगले पार्ट में नजर आएंगे। फिल्म के पिछले पार्ट (रेस-3) में सलमान खान लीड एक्टर थे। फिल्म ने कमाई की लेकिन इसे क्रिटिक्स से खास तारीफें नहीं मिलीं। सैफ अली खान रेस सीरीज की फिल्मों को शुरू से ही लीड कर रहे हैं। फिल्म का पहला पार्ट सुपरहिट था और उसके दूसरे पार्ट को भी काफी प्यार मिला। लेकिन तीसरे पार्ट ने कुछ खास कमाल नहीं किया और अब रेस-4 में सैफ अली खान फिर एक बार कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग साल 2025 में शुरू कर दी जाएगी।

### रेस-4 में होगा सैफ का फिर से कमबैक

फिल्म प्रोड्यूसर रमेश तुर्रानी ने रेस-4 में सैफ अली खान का होना कन्फर्म किया है। टिप्स फिल्म्स के फाउंडर रमेश तुर्रानी ने फिल्म के अगले पार्ट में लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट होगी लेकिन इस फिल्म को लीड सैफ अली खान करेंगे। रमेश तुर्रानी ने समाचार एजेंसी PTI के साथ बातचीत में बताया, रेस फ्रेंचाइजी में सैफ अली खान की वापसी होगी, और हम उन्हें वापस ऑन बोर्ड लेने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। उसने पहले दो पाट्र्स में गजब का काम किया है। अगले बार्ड में काफी बड़ी कास्टिंग होगी लेकिन हम अब स्क्रिप्ट फाइनल कर रहे हैं।

### डायरेक्टर के नाम पर अभी कनफ्यूजन

रमेश तुर्रानी ने कहा कि डायरेक्टर कौन होगा यह अभी फाइनल नहीं किया गया है, लेकिन एक बार फिल्म से जुड़ी ज्यादातर चीजें कन्फर्म हो जाएंगी तो वह इसके बारे में एक ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे। मालूम हो कि इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। 0फिल्म का पहला पार्ट सैफ अली खान, कटरीना कैफ, अक्षय खन्ना और बिपाशा बसु को कास्ट करके बनाया गया था। यह फिल्म दो भाइयों की कहानी थी जो आखिर में एक रेस लगाते हैं और इस रेस में जीतने वाला विजेता होगा और हारने वाला अपनी जान गंवा देगा।




## महाराष्ट्र शासन
## सार्वजनिक बांधकाम विभाग
## संक्षिप्त ई-निविदा सुचना क्र. 52 सन 2024-25

| अ.क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| 1. | ठाणे तालुक्यातील मौजे उत्तन, भाईंदर येथे नविन तलाठी कार्यालय बांधकाम करणे, जि. ठाणे | 12,36,106.00 |
| 2. | औद्योगिक सुरक्षा व आरोग्य, ठाणे येथील स्टोर रुम मध्ये कॉम्पॅक्टर बसविणे, ता.जि.ठाणे | 13,53,339.00 |
| 3. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे शेलार गाव अंतर्गत स्मशानभूमी सुशोभिकरण, बैठक व्यवस्था, पत्राशेड उभारणे, जि. ठाणे. | 21,15,946.00 |
| 4. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे किरवली खंबाळा येथे रस्त्यावर साकव बांधणे जि. ठाणे. | 21,20,569.00 |
| 5. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील जांभिवली को. काशीनाथ पाटील ते मेनरोड जांभिवली रस्ता तयार करणे, जि.ठाणे. व्ही. आर.67 | 25,07,816.00 |
| 6. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे कारिवली अल्फा हॉटेल येथे सीसी रस्ता तयार करणे, जि. ठाणे. | 25,24,916,00 |
| 7. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे कारिवली स्मशानभूमी आरसीसी करणे, जि. ठाणे | 25,26,894.00 |
| 8. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील मोहिली टेपाचीवाडी वावली रस्ता सुधारणा करणे, जि.ठाणे. ग्रा.मा.79 | 41,20,460.00 |
| 9. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील रामा 76 ते नांदीठणे सुतारपाडा रस्ता ते रावळपाडा रस्ता तयार करणे, जि.ठाणे. व्ही.आर.नं. 98 | 41,04,508.00 |
| 10. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील कुसापूर ते एकसाल सुधारणा करणे, जि.ठाणे. ग्रामा-34 | 41,21,663.00 |
| 11. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे शेलार ग्रामपंचायत अंतर्गत गटर, पाथवेज, पेव्हर ब्लॉक, संरक्षण भिंत आदी कामे करणे, जि. ठाणे. | 42,06,153.00 |
| 12. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील घाडणे इनाव्याचापाडा ते करमाळे रस्ता सुधारणा करणे, जि.ठाणे. ग्रा.मा.50 | 42,08,042.00 |

1. डाऊन लोड करण्याचा कालावधी : दिनांक. 07/10/2024 ते दिनांक. 14/10/2024
2. ई-निविदा उघडणे (शक्य असल्यास) : दिनांक. 15/10/2024 अधिक्षक अभियंता, सा. बां. मंडळ यांचे कार्यालयात दु.14.00 उघडण्यात येईल.

सर्व पात्र / ईच्छुक निविदाकारांनी निविदा पत्रक डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रियेत भाग घेण्यासाठी ई- निविदा प्रणालिच्या https//mahatenders.gov.in या पोर्टलवर portal वर enrolled करणे आवश्यक आहे.

जा.क्र. ठावि/निविदा/10540
कार्यकरी अभियंता यांचेकार्यालय,
सा.बा. विभाग, क्र.1 ठाणे
दिनांक 04/10/2024

सही/-
कार्यकारी अभियंता
सा.बां. विभाग क्र 1 ठाणे







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099